Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006
Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

Title : Need to clear pending byepass project in Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : उपाध्यक्ष जी, मैं जनहित के कार्य के लिये यह प्रश्न उठा रहा हूं। राजस्थान में जिन-जिन शहरों में यातायात की समस्या का समाधान करने के लिये बाईपास बनाने की योजना भारत सरकार केन्द्रीय कार्यालय में विचाराधीन है, उन योजनाओं को क्लीयर किया जाये। इसी प्रकार की योजना जयपुर शहर में यातायात की समस्या का समाधान करने के लिये पूर्व की दिशा में एक बाईपास बनाने के लिये विचाराधीन है। पश्चिम की तरफ एक बाईपास सीकर रोड के लिये बना दिया गया है, जिस तरह जयपुर-बीकानेर सड़क के लिये उपमार्ग का निर्माण कर दिया गया है एवं उसका विस्तार कर इसे जयपुर-दिल्ली राट्रीय राजमार्ग से भी जोड़ा जा रहा है। परन्तु अजमेर-आगरा सडक (एन.एच-8) से

जयपुर-टोंक रोड (एन.एच-12), टोंक-जयपुर (एन.एच-12) से जयपुर-आगरा (एन.एच-11) एवं आगरा-जयपुर (एन.एच-11) से जयपुर-दिल्ली (एन.एच.-8) को जोड़ते हुये उपमार्गों के निर्माण हेतु अभी तक केन्द्र सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की है। जिस स्थान पर बाईपास बनाया जाना है, उसके लिये किसानों की भूमि अवाप्त की जायेगी। मेरा अनुरोध है कि जिस स्थान पर खाली भूमि पड़ी हुई है, जहां किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया हुआ है और किसानों के काम नहीं आ रही है, उस ओर ही बाईपास का निर्माण कर यातायात की समस्या का समाधान कराया जाना चाहिये और जो किसान अपनी भूमि स्वेच्छा से देना चाहे, उसकी भूमि का उसे पूरा मुआवज़ा अन्य सुविधायें उपलब्ध कराकर दिया जाये।

उपाध्यक्ष जी, इसलिये मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जयपुर शहर के पूर्वी साइड में बाईपास निर्माण की स्वीकृति दे और राजस्थान के अन्य शहरों में जो बाईपास बनाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास विचाराधीन है, उसकी भी स्वीकृति धनराशि के साथ दे। इससे जयपुर में यातायात की जो भंयकर समस्या है, उसमें भी सुधार हो सकेगा।

उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने के लिये अवसर दिया, उसके लिये बहुत-बहुत बधाई।